पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनपद बस्ती में ओपेक कैली हास्पिटल का निरीक्षण किया

——————

लखनऊः 04 सितम्बर, 2023

राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद बस्ती में अपने विविध कार्यक्रमों के क्रम में ओपेक कैली हास्पिटल का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2025 तक टी.बी. से भारत को मुक्त करने की बात कही है। हम सबका भी दायित्व है कि इसमें योगदान दें। उन्होंने टी.बी. के मरीजों के गोद लेने वाले समाज के लोगों एवं हास्पिटल को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इन मरीजों को पोषण आहार पोटली देने की जिम्मेदारी भी हमारी है। रेडक्रास सोसायटी की साल भर में एक बार मीटिंग होती है, इसमें सदस्य बनाये जाते हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुये कहा कि कई हास्पिटल के पास पैसा होता है और वो सेवाभाव के साथ काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें जरूरतमंदो की मदद करनी चाहिये। उन्होंने एक उदाहरण देते हुये कहा कि राजभवन में हम सब्जी उगाते हैं व सोमवार को उसकी पोटली बनाकर आने वाले जरूरतमंद को देते हैं। होम्योपैथिक के साथ आयुष विभाग का होना जरूरी है। छोटे बच्चों के जब दांत आते हैं तो होम्योपैथिक की दवा दी जाती है, जो बहुत कारगर है। उन्होंने कहा कि हमारे पास जब कोई मरीज आये तो उसकी अंगुली पकड़कर उसको जहां जाना है, वहां पहुंचाया जाये यह हम सबकी जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी द्वारा 20 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। गोद लेने वाली 13 संस्थाओं/व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में आयुष्मान लाभार्थियों को 100 हेल्थ कार्ड वितरित किये गए। जनपद में आयुष्मान कार्ड धारकों को स्वास्थ्य सेवा देने वाले सर्वोत्तम 10 निजी चिकित्सालयों को सम्मानित किया गया। राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में एन.क्यू.ए.एस पुरस्कार प्राप्त चिकित्सा इकाइयों के अधीक्षकों को सम्मानित किया। इसी प्रकार आर.बी.एस.के. योजनान्तर्गत बर्थ डिफेक्ट बीमारी के इलाज करने वाले डाक्टरों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने रेडक्रास सोसायटी के प्रतिनिधियों से संवाद किया गया।

कार्यक्रम में मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, आईजी आर.के. भारद्वाज, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, सी.एम.ओ. आर.पी. मिश्रा, सी.एम.एस. ए.एन प्रसाद सहित विभागीय अधिकारी भीम उपस्थित रहे।

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361

श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी
माननीय श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
के द्वारा

जनपद-बस्ती